come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966 in respect of Jails."

DEMAND No. XXIII—FISHERIES

"That a Supplementary sum not exceeding Rs. 6,01,100 be granted to the President out of the Consolidated Fund of the State of Kerala to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966 in respect of Fisheries."

DEMAND No. XLII—CAPITAL OUTLAY ON PUBLIC HEALTH

"That a Supplementary sum not exceeding Rs. 1,50,000 be granted to the President out of the Consolidated Fund of the State of Kerala to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966 in respect of Capital Outlay on Public Health."

DEMAND No. XLVII—CAPITAL OUTLAY ON PUBLIC WORKS

"That a Supplementary sum not exceeding Rs. 5,50,000 be granted to the President out of the Consolidated Fund of the State of Kerala to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966 in respect of Capital Outlay on Public Works."

DEMAND No. LIII—CAPITAL OUTLAY ON SCHEMES OF GOVERNMENT TRADING

"That a Supplementary sum not exceeding Rs. 200 be granted to the President out of the Consolidated Fund of the State of Kerala to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966 in respect of Capital Outlay on Schemes of Government Trading."

DEMAND No. LV—LOANS AND ADVANCES BY THE GOVERNMENT

"That a Supplementary sum not exceeding Rs. 45,00,300 be granted to the President out of the Consolidated Fund of the State of Kerala to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966 in respect of Loans and Advances by the Government."

---

**12.26 hrs.**

DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY* GRANTS (GENERAL), 1965-66

DEMAND No. 12—DEFENCE SERVICES, EFFECTIVE—NAVY

**Mr. Speaker:** Motion moved.

"That a Supplementary sum not exceeding Rs. 1,50,00,000 be granted to the President to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Defence Services, Effective—Navy'.".

DEMAND No. 36—OPIUM

**Mr. Speaker:** Motion moved.

"That a Supplementary sum not exceeding Rs. 1,000 be granted to the President to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Opium'."

DEMAND No. 71—OTHER REVENUE EXPENDITURE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING

**Mr. Speaker:** Motion moved.

"That a Supplementary sum not exceeding Rs. 8,85,000 be granted to the President to defray the charges which will come in course of

*Moved with the recommendation of the President.

payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Other Revenue Expenditure of the Ministry of Information and Broadcasting'.".

DEMAND No. 102—OVERSEAS COMMUNICATIONS SERVICE

**Mr. Speaker:** Motion moved.

"That a Supplementary sum not exceeding Rs. 16,15,000 be granted to the President to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Overseas Communications Service'.".

DEMAND No. 133—CAPITAL OUTLAY OF THE MINISTRY OF INDUSTRY AND SPPLY

**Mr. Speaker:** Motion moved.

"That a Supplementary sum not exceeding Rs. 1,000 be granted to the President to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Capital Outlay of the Ministry of Industry and Supply'."

DEMAND No. 148—CAPITAL OUTLAY ON POSTS AND TELEGRAPHS (NOT MET FROM REVENUE)

**Mr. Speaker:** Motion moved.

"That a Supplementary sum not exceeding Rs. 1,000 be granted to the President to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Capital Outlay on Posts and Telegraphs (Not met from Revenue)'."

**Mr. Speaker:** These Demands are now before the House. There is one cut motion by Shri Krishnapal Singh. He is not present. So, that is not moved.

**Shri Priya Gupta** (Katihar): I rise to say a few words on some of the items mentioned here.

Firstly, in regard to Demand No. 141—Capital Outlay on Roads—I would like to say that with great hope we have been waiting for the grants to be sanctioned in respect of the schemes for the construction of roads in the District of Purnea and especially, in my constituency, in the sub-division of Katihar. The conditions of metal roads are very bad in that area. As I submitted earlier, a few days ago, the total mileage of metal roads constructed is only 17 miles during the last 16-17 years after independence. This is an area comprising of about 9 thanas which is bordering West Bengal and Nepal and which is very close to Pakistan. Here, the sub-division headquarters are not even connected with the block headquarters and district headquarters. Unfortunately, the difficulties of the people over there in respect of transport have not been taken into account by the Government correctly. These are the places where the transport is of primary importance and of prime necessity because no other source of transport is available to the people there. I would request the Government that the difficulties of the toiling masses there should be taken into account and a special grant be given for the purpose of construction of roads there.

**12.29 hrs.**

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

Then I come to Demand No. 102—Overseas Communications Service. It was also raised during the Question Hour that the overseas communications service should also be interlinked with the State capitals. This should be done.

In respect of the Demand relating to the Ministry of Industry and Supply, I request the Ministry to consi-

[Shri Priya Gupta]

der the question of the surplus technical and engineering personnel. While winding up a particular industrial project, they should see that the technical personnel is carried over from one project to another so that they may not be out of employment all of a sudden.

Lastly, about the capital outlay on Posts and Telegraphs, I submit that the question of opening more post offices in the areas which may be on the border should be very seriously considered. Especially, in respect of the bordering places in the eastern part of Bihar, the postal communication is very poor and I request that a concerted effort should be made to see that the post offices and telegraph offices are made available to the people there.

With these remarks, I support the Supplementary Demands for Grants.

**Shri Himmatsingka** (Godda): I support the demand for grants. Looking to the present condition of affairs in the country and the fighting that is going on with Pakistan, I feel that steps should be taken to utilise the existing capacity in the country for the manufacture of such things as may be necessary for the Army, Navy and Air Force. There is sufficient capacity in the country which is at present lying idle and which can be very usefully utilised for the manufacture of a number of articles that may be in demand and may be used in the present conflict that is going on with Pakistan. I feel that the Defence Minister and the Minister of Industry and Supply should send for industrialists and others who have a hold on these industries and tell them what we need and what can be manufactured in the country which can be of help in either supplementing the production of ordnance factories or otherwise. I understand that the persons in charge of the factories producing textiles were sent for and given certain orders. The engineering industry also can be very properly utilised and can be made to come in the aid of efforts that are being made to defend our country against wrongful aggression by Pakistan. I, therefore, feel that steps should be taken to find out what can be manufactured and what are needed by our Army, Navy and Air Force, so that the capacity that is at present available in the country may be properly utilised in the defence of the country.

With these remarks I support the Demand.

**श्री उ० मू० त्रिवेदी:** (मंदसौर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान डिमांड नम्बर 36 जो अब अफीम से सम्बन्धित है, उसकी ओर आकर्षित करना चाहता हूं। हमारे देश में अफीम का उत्पादन बहुत ज्यादा तादाद में मेरे ही जिले में होता है। गवर्नमेंट की सब से बड़ी फैक्ट्री मेरे जिले में ही नहीं, मेरे ही गांव में है? इसलिए इस सम्बन्ध में मैं कुछ ज्यादा जानता हूं। इस सम्बन्ध में जो सप्लीमैंटरी डिमांड मांगी गई है उसका कारण क्या है और जो उसका खुलासा नीचे लिखा हुआ है, मैं समझता हूं कि वह सही नहीं है। एक निर्दिष्ट मात्रा में हम को अफीम की बवाई का निर्धारण करना पड़ता है और वह निर्धारण पहले से ही कर लेना होता है। उसकी एक पालिसी होती है जिसे अफीम पालिसी कहते हैं और वह लिखित रूप में होती है और उसके लिखे अनुसार ही किसानों को पट्टे दिये जाते हैं। उसी मात्रा में हमारे यहां पर उत्पादन होता है। यानी जो हमारा वार्षिक बजट यहां पर प्रस्तुत किया जाता है उस वक्त यह निर्दिष्ट होता है कि कितनी अफीम का उत्पादन हमारे यहां होगा और क्या भाव हम देंगे। जब इतना कुछ निश्चित हो जाता है तो उस के बाद इस सप्लीमेंटरी डिमांड की आवश्यकता नहीं हो सकती थी। लेकिन आप देखें कि हुआ क्या है? उस निर्दिष्ट मात्रा

में अफीम का उत्पादन न करते हुए पोलिटिकल प्रेशर के आधार पर, कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं की सिफारिश पर जहां अफीम की बवाई नहीं होनी चाहिये थी, अफीम नहीं बोई जानी चाहिये थी, वहां पर भी अफीम की बवाई हुई। इसका परिणाम यह हुआ कि जितने एरिया पर, जितने क्षेत्रफल पर, जितनी अराजी पर अफीम बोनी चाहिये थी उतनी पर अफीम न बो कर के अधिकमात्रा में अफीम की बुवाई की गई। अब इसके लिए और अधिक रूपये की जरूरत पड़ी क्योंकि अधिक उत्पादन होगा तो उस अधिक उत्पादन के लिए पैसा भी देना होगा जब अफीम खरीदी जाएगी।

यह गलती किस की हुई? क्या भविष्य के वास्ते वित्त मंत्रालय इस बात पर ध्यान देगा किस प्रकार से अफीम बोने के क्षेत्रफल को कतिपय व्यक्तियों की सिफारिश पर बढ़ाया या घटाया न जाए? इससे कृषकों में बड़ा असन्तोष पैदा होता है और इधर से उधर कृषक मारे मारे फिरते हैं। इसके पीछे जो दास्तां है, उस को मैं अर्ज कर देना चाहता हूं कि। एक कांग्रेस कार्यकर्ता जो विधायक बनना चाहते थे और उम्मीदवारों में खड़े हुए थे उन्होंने लोगों से दो, दो पांच पांच, दस दस रुपये इकट्ठे कर के चालीस पचास हजार रुपये एकत्र कर लिये और उन आदमियों को बेचारे किसानों को कहीं पर जमीन मिल नहीं पाई पट्टे नहीं मिल पाये। उसका झगड़ा हुआ। वह उम्मीदवार चुनाव में हार गया। लोगों पर इसका यह प्रभाव पड़ा कि मुम्किन है कि उन लोगों ने रुपया कम लगाया हो और अगर ज्यादा लगाते तो शायद वह जीत जाते और हम को ये पट्टे मिल जाते। कपासन में यह हुआ, सीतामऊ में यह हुआ। ये जो बातें हैं इनकी ओर हमारे वित्त मंत्रालय का ध्यान जाना चाहिये ताकि इस तरह की घटनायें दुबारा न दोहराई जायें।

अफीम के उत्पादन के बारे में जब मैं कह रहा हूं तो अफीम के जो कर्मचारी हैं, उन के सम्बन्ध में भी कुछ कह देना मैं उचित समझता हूं। अफीम के काफी कर्मचारी, पुराने मध्य-भारत और राजस्थान के "बी" स्टेट वाले थे। उन के और उत्तर प्रदेश के उसी प्रकार के कर्मचारियों के बीच भेदभाव रखा गया है। एक को क्लास फोर का माना गया है और दूसरे को क्लास थ्री का माना गया है। यह भेद भाव कहां तक चलता रहेगा? इस पर भी हमको ध्यान देना होगा। यह बहुत थोड़े रुपये का सवाल है। जब आप लाखों और करोड़ों रुपया खर्च कर रहे हैं। तो आप दस बीस हजार रुपया खर्च कर के इस भेद भाव को बहुत आसानी से मिटा सकते हैं। क्यों यह भेदभाव निभाया जाता है, यह मेरी समझ में नहीं आया है। इस पर वित्त मंत्रालय को अवश्य ध्यान दे कर इन लोगों को सैटिसफाई करना चाहिये।

मैं यह भी कह देना चाहता हूं कि अफीम की एलकालायड की फैक्ट्री अभी तक गाजीपुर में है। बहुत दिनों से कोशिश हो रही है कि इसका कुछ अंश नीमच में लाया जाए। शायद एक साल से यह कोशिश हो रही है इसको वहां लाने का कारण यह है कि बहुत अधिक मात्रा में कच्ची अफीम नीमच से गाजीपुर पहुंचानी पड़ती है, हजारों मन अफीम पुलिस के मातहत और चौकसी में ले जाने में बड़ी तकलीफ होती है, चोरी का भी अंदेशा रहता है, स्मगलिंग का भी रहता है ऐसी हालत में जहां उसका उत्पादन हो, जहां उसको एकत्रित किया जाता हो, वहीं नीमच में साधन होते हुए, अवसर होते हुए, इसके कुछ अंश को अभी तक क्यों नहीं लाया गया है, यह मेरी समझ में नहीं आया है। बारह महीने से यह बात चल रही है। लेकिन अभी तक वही पुराना सिलसिला चलता है और कहा जाता है कि क्योंकि गाजीपुर में पुराने जमाने से फैक्ट्री है इसलिए इसको वहीं रखो। मैं नहीं कहता हूं कि गाजीपुर की फैक्ट्री को आप तोड़ दें। अगर

[श्री उ० मू० त्रिवेदी]

गाजीपुर में अच्छी फैक्ट्री है और वहां पर भी एलकालायड का उत्पादन होता है तो वहां भी होता रहना चाहिये। इसके उत्पादन की अत्यन्त आवश्यकता है। जहां हमको कच्ची अफीम बेचने से फायदा होता है वहां एलकालायड बेचने से हमको सौ गुना ज्यादा फायदा हो सकता है। इस वास्ते अधिक से अधिक एलकालायड के उत्पादन पर हमें जोर देना चाहिये। नीमच में अलकालायड का उत्पादन हो सकता है, वहां वह बन सकता है, वहां इसके लिए उपयुक्त अवसर हैं। वहां पर जो फैक्ट्री है उसका विस्तार करके एलकालायड फैक्ट्री फौरन तैयार होनी चाहिये ताकि आगे के लिए हमको सुविधा हो।

मैं आपका ध्यान डिमान्ड नं० 71 की ओर भी आकर्षित करना चाहता हूं। इस डिमांड को पढ़ते हुए मुझे ऐसा मालूम होता है कि हम एक ऐसी संस्था को कायम करने का प्रयत्न कर रहे हैं जहां पढ़ाई तो होगी लेकिन पढ़ाई उन आदमियों की होगी जो हमारे चुने हुए हों। यानी उन को चुनेगी गवर्नमेंट और पढ़ाई का खर्च देगें हम जो भी पढ़ना चाहे उसे वहां पढ़ने के वास्ते इजाजत नहीं मिलेगी। यह क्या बात है। क्या यह पढ़ाई का काम यूनिवर्सिटी से नहीं हो सकता है जिसके लिये हम एक रजिस्टर्ड सोसायटी कायम करना चाहते हैं। ऐसा कौन सा विषय है जिस की पढ़ाई यूनिवर्सिटी में नहीं हो सकती। क्या आप किन्हीं दो एक यूनिवर्सिटीज को पसन्द कर के उन्हें पैसा दे कर यह काम नहीं करवा सकते थे या यह ट्रेनिंग नहीं दिलवा सकते थे। फिर इस ट्रेनिंग से हम को फायदा नहीं पहुंचता। अधिकांश फायदा पहुंचेगा आप के आदमियों को। चूंकि आप को अन्देशा था कि वहां जो पढ़ाई होगी वह आप के लिए विशेष फायदेमन्द नहीं होगी इसलिये आप उसे अपने कंट्रोल में रखना चाहते हैं मैं पूछना चाहता हूं कि क्यों गवर्नमेंट इस सोसायटी को कायम कर रही है। फिर वह सोसायटी कैसी। यह पब्लिक की की तरफ से नहीं आप अपनी तरफ से उत्पन्न कर रहे हैं। आप उस को रजिस्ट्रेशन आफ सोसायटीज ऐक्ट में रजिस्टर करवायेंगे और उस के जरिये से पढ़ाई करवायेंगे ट्रेनिंग करवायेंगे और अपने कंट्रोल में रख कर अपने टट्टुओं को वहां भरेंगे। उन को भरने के लिए आप क्यों ऐसी बात करना चाहते हैं। यह एक ऐसा तरीका है जिस को मैं सख्त नफरत से देखता हूं आप को ऐसा काम हर्गिज नहीं करना चाहिये। आज के वक्त में हम आगे बढ़ रहे हैं, ज्ञान विज्ञान में सारा देश आगे बढ़ा चला जा रहा है उस वक्त अगर इस प्रकार की ट्रेनिंग के वास्ते या इस तरह की विद्या को उपार्जित करने के लिये हमें आवश्यकता मालूम पड़ी थी तो हम ने यूनिवर्सिटी से क्यों नहीं कहा कि इस बारे में वे अपने यहां कोर्सेस स्थापित करें और उनका अध्ययन करवायें जिस से आदमियों को शिक्षा प्राप्त हो सके, और यूनिवर्सिटियों को जिन आदमियों को पसन्द करना होगा वे पसन्द कर लेंगी। उस के बजाय आप ने एक रजिस्टर्ड सोसायटी उत्पन्न करने की बात पैदा की है। मैं कहता हूं कि यह हरकत मुझे पसन्द नहीं है और न यह पसन्द करने लायक बात है कोई भी समझदार आदमी इस चीज को पसंद नहीं करेगा।

फिर आप लिख रहे हैं :

"To begin with, the training activities of the Institute would include (a) one basic course per year for fifty officers for new entrants to Grades I to IV of the Central Information Service and equivalent publicity posts in the Government of India and officers not below the rank of District Publicity Officers in the State

Governments/Union Territories and (b) two courses per year for in-service training of four months each, for 50 officers already employed on work of publicity in the Central Information Service and State Governments/Union Territories.".

सैंट्रल इन्फार्मेशन सर्विस में आज आप किन लोगों को भर्ती कर रहे हैं। मैं अच्छी तरह से जानता हूं कि पिछले दरवाजे से उन आदमियों को भरती किया जाता है जिन का किसी प्रकार का पोलिटीकल पुल होता है, जिनका कोई प्रभाव राजनीतिक दलों के आधार पर होता है। ऐसे प्रभावशाली आदमियों को इस सर्विस में भरती किया जाता है। यानी जो दायरा आपने रक्खा है भरती होने वाले आदमियों का उस दायरे में ऐसे आदमियों को आप भरती करेंगे जिन से यह मालूम होगा कि सिर्फ उसी राजनीतिक दल के आदमी उस में आ सकते हैं जिनका राज्य यहां पर कायम है। मैं आप लोगों से पुन: प्रार्थना करूंगा कि सर्विसेज में भरती करने के बारे में हमारे यहां एक ऐसी प्रथा चली आ रही है जो कि प्रजातांत्रिक प्रथा है और भारतवर्ष के हर एक आदमी को यह अधिकार है कि वह उन नौकरियों में दाखिल हो सके। ऐसी अवस्था में आपने नौकरियों में दाखिल करने के वास्ते एक ऐसा दायरा कायम कर के उसे इस प्रकार से महदूद कर दिया है कि सिर्फ एक प्रकार के, एक विशेष प्रकार के आदमी उस में दाखिल हो सकें और दूसरों के उस में दाखिल होने पर प्रतिबन्ध लगा रहे हैं। यह नीति आपकी बिल्कुल गलत है और इस नीति को जल्दी से जल्दी बन्द कर दें तो ज्यादा अच्छा रहेगा।

जो बात मैंने आप से कही है वह डिमांड नं० 102 पर भी लागू होती है। लेकिन पिष्टपेषण न हो इसलिये उस के बारे में बहुत नहीं कहना चाहता। मगर इस का ध्यान आप को रखना चाहिये कि जो नई कम्यूनिकेशन सर्विस आप स्थापित करने जा रहे हैं वह एक निर्दिष्ट हेतु से कर रहे हैं। इसलिये आप को यह भी निश्चित करना होगा कि जिस प्रकार के विज्ञान का आज संचार हमारे देश में हो रहा है उस को सिर्फ रजिस्टर्ड सोसायटीज या गवर्नमेंट कंट्रोल्ड सोसायटीज में महदूद कर के नहीं करना चाहिये। यह सब आदमियों को प्राप्त हो सके इस लिये इस तरह के कोर्सेज यूनिवर्सिटीज में स्थापित कर के यूनिवर्सिटीज को प्रोत्साहन देना चाहिये और इस को ठीक ढंग से करना चाहिये। ऐसे नहीं होना चाहिये कि जैसे कि आज कल हमारे यहां प्लैन चलती है। एक प्लैन एक वर्ष बनाई जाती है और दूसरे वर्ष वह फेल हो जाती है। फिर नये सिरे से हमें प्रयत्न करना होता है। इसलिये हम को जल्दी से जल्दी बहुत सोच समझ कर ठीक कदम उठाना है। हम हमेशा यह करते हैं कि अगर हम को 20 आदमियों की जरूरत होती है तो हम केवल इतने के लिये ही प्लैन करते हैं। हम 21, 22 या 23 के लिये तैयारी नहीं करते हैं। यही कारण है कि हमारी योजनायें सफल नहीं होती हैं। आप जो सर्विस कायम करने जा रहे हैं उस के लिये आदमी आप के जरिए ही लिये जायेंगे। मगर गवर्नमेंट द्वारा स्थापित संस्थाओं के जरिये यह काम होगा तो उस में दूसरे लोग नहीं आ सकेंगे। यह बिल्कुल गलत है। यूनिवर्सिटीज में ऐसे कोर्सेज स्थापित होने चाहिये और उन में ही उन का अध्ययन होना चाहिये। वहां पर अध्ययन के आधार पर ही हमारे यहां बालकों को नये नये आविष्कार करने हैं। इस लिये उन लोगों में से ही हम को अपनी सेवाओं के वास्ते, सरकारी सेवाओं के वास्ते नये लोग भरती करने चाहियें।

इस के बाद डिमान्ड नं० 133 पर कुछ शब्द कह कर मैं अपना भाषण समाप्त कर

[श्री उ० मू० त्रिवेदी]

दूंगा । यह जो डिमांड नं० 133 मिनिस्ट्री आफइंडस्ट्री एंड सप्लाई की है उस में आप कह रहे हैं :

"It has been decided to establish, own, operate and manage the Heavy Structurals Project at Naini, near Allahabad in collaboration with Messrs. VOEST of Austria. For this purpose an agreement was signed by the Government of India on the 30th June, 1965, with Messrs. VOEST according to which the latter will render assistance in planning, design, and construction of the factory, training of Indian technical personnel, and in production.".

फिर आप कहते हैं कि :

"A new company entitled. 'Triveni Structurals Private Ltd.' has been incorpoarted on the 3rd July, 1965 . . .".

इसको में आगे नहीं पड़ना चाहता हूं । म यही कहना चाहता हूं कि जब हम कोई इस प्रकार की नई कम्पनी बड़े विशाल पैमाने पर स्थापित करें तो हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि ऐसी कम्पनियां और ऐसे कारखाने हम ऐसी जगहों पर कायम न करें, जो बड़े शहरों के पास हों । हम को इससे कोई फायदा नहीं पहुंचता है, वरना आज हमारे देश में जो स्थिति उत्पन्न हो गई है उस के कारण हमें फिक्र लग रही है कि उन को कैसे बचाया जाये । इसलिये मेरा नम्र निवेदन है कि अभी तो यह कम्पनी शुरू नहीं हुई है । अगर इस पर पुनर्विचार हो जाये तो ज्यादा अच्छा रहेगा । आज उन कम्पनियों की स्थापना, जो कि हमारे लिये आव यक हैं, देहातों में और दूर जगहों पर की जाये। आज इलाहाबाद जैसी जगह में स्थापित नहीं करना चाहिये । इलाहाबाद खुद ही बड़ा शहर है, हमारा एक बड़ा भारी यार्ड इलाहाबाद में है, गंगा किनारे उस को स्थापित करना ठीक नहीं है जहां हर वक्त अन्देशा रहता है कि दुश्मन कहीं वहां न पहुंच जाये । ऐसी जगह पर जहां पर कि एक बड़ा हवाई अड्डा है, नैनी में आप यह कारखाना बनाना चाहते हैं जो कि अस्त्र शस्त्र के वास्ते उपयोगी कारखाना होगा, यह ठीक नहीं होगा । इस कारखाने की स्थापना इस जगह पर न करते हुए ऐसी जगह पर होना चाहिये जोकि दूर कहीं देहात में हो जो कि जंगलों से घिरा हुआ हो जिस में कि भविष्य में उस पर कोई खतरा न आ सके ।

आखीर में मैं एक बात कहना चाहता हूं डिमांड नं० 141 के बारे में । **कैपीटिल आउटले आन रोड्स**, यह डिमान्ड बहुत छोटी है लेकिन इस के सम्बन्ध में उसूलन कहना चाहता हूं कि दिल्ली मथुरा रोड एक ऐसी रोड होनी चाहिये जिस पर एक साथ चार मोटरें चल सकें । यह मामला सन् 1952 से बराबर तेरह साल से चला आ रहा है । लेकिन इस रोड पर अभी भी एक गाड़ी बराबर तेज चलाकर आप आगरा तक नहीं पहुंच सकते । कहीं पर खुदी हुई है, कहीं पर वह टूटी हुई है, कहीं पुल टूट गए हैं, कहीं डाइवरशन डाले हुए हैं । इस रोड को साफ सुथरी रहनी चाहिए । इस पर खास तवजह देनी चाहिए । यह रोड आगे जा कर दो रोड्स में फटती है, जो कि दोनों बड़े बड़े शहरों, कलकत्ता और बम्बई, को जाती हैं । इसलिए इस रोड पर जितनी मार पड़ती है उतनी और किसी सड़क पर नहीं पड़ती । लेकिन इतना होते हुए भी हम आए दिन देखते हैं कि बारिश में इस पर पानी आ जाता है । नीचे से ईंटें निकल जाती हैं, और जगह जगह डाइवरशन कायम किए जाते है, जिसका परिणाम

यह होता है, कि हम को दिल्ली से मथुरा जाने में जो कि दो घंटे का रास्ता है पांच पांच और छ: छ: घण्टे लग जाते हैं, और यही हालत वापस आने में होती। इसलिए मैं खास तौर से आपका ध्यान इस तरफ आकर्षित करना चाहता हूं।

आप इस पर सात हजार रुपये खर्च करने जा रहे हैं। मेरा कहना है कि अगर जरूरत हो तो और भी रुपया इसपर आप खर्च करें, लेकिन इस पर विशेष ध्यान क्योंकि यह रोड हमारे वास्ते जिन्दगी का लिंक है। पता नहीं हम को कब इस की विशेष जरूरत पड़ जाए। यह रोड़ तो इतनी मजबूत होनी चाहिए जैसे कि डोवर से डनकिर्क की सड़क है, और इस पर एक साथ छ: छ: वैहिकल्स चल सकें, इस पर वजनदार टैंक चल सकें और इसमें गड्ढे न पड़ें। यह सड़क हमको ऐसी मजबूत बनानी चाहिए।

इतना कह कर मैं इन डिमान्डस का समर्थन नहीं करता।

**Shri V. B. Gandhi** (Bombay Central South): Mr. Deputy-Speaker, I support demand No. 12 on behalf of the Defence services, effective—Navy, for Rs. 1.50 crores. A substantial portion of this demand is required for meeting expenditure on account of the upgrading of the rates of dearness allowance to the civilian employees as well as service ersonnel in the navy. We cannot, of course, grudge any fair treatment in terms of rate of remuneration for our navy personnel. Only last week we remember that the Finance Minister came before this House with his supplementary budget in which he had also asked for something like Rs .25 crores to meet the expenditure on increased DA to be paid to Government of India employees. That is something which is to be expected.

While we are on this demand for the Navy, we might legitimately ask the Defence Minister to tell us something more about why a decision was taken to buy the submarines which the Ministry propose to buy from Russia rather than from the traditional source of our supply, that is, Great Britain..

**Shri Raghunath Singh** (Varnasi): They are not willing to supply.

**Shri V. B. Gandhi**: No, no. We were told a decision to that effect was taken because the terms of credit offered by the British were not suitable. If that is so, of course the decision has to be taken. But we would like to know something more. For, instance, were there any other considerations which outweighed, in the opinion of the Ministry, the advantages of buying from the traditional source? Was there the consideration of a more favourable price being offered by the Russians or the consideration of an earlier date of delivery, or the consideration of a better product being offered to us?

Now I would like to say a few words on demand No. 71 on behalf of the Ministry of Information and Broadcasting. This amount is required for setting up the National Institute of Mass Communication. This is a very welcome step. I would take this opportunity to congratulate the present Minister of Information and Broadcasting on a certain freshness which she has brought in her approach to the task before her. Since her taking charge of it, there are new ideas and a new initiative in the Ministry. We whole heartedly support this grant. There is, however, one thing before I pass on to the other demands, to which I would like to draw the attention of the House. There is usually a habit among officials in preparing their statements for this House to try and condense and say in a few sentences something which would ordinarily take a few paragraphs to bring out the meaning properly. Here I have an instance.

[Shri V. B. Gandhi]

On page 8 in the penultimate paragraph we find this statement:

"The total expenditure on equipment, training of staff etc. during the current year is expected to be of the order of Rs. 13.44 lakhs out of which the Government's share is estimated at Rs. 8.85 lakhs".

Here we are told what the Government's share is going to be, namely, Rs. 8.85 lakhs. The total expenditure is Rs. 18.44 lakhs; that leaves a balance of Rs. 9.59 lakhs to be made good by somebody. Who that somebody is is not clearly brought out in the statement. We can of course guess—we are left to guess. We can guess because there is some indirect reference to certain international organisations like UNESCO, Asia Foundation, USAID Mission etc. We can guess that probably some of these institutions are going to foot the bill. I would only say that this House would always welcome a clearer statement, a statement which will be more intelligible to us generally.

13 hrs.

I will only say a few words about demand No. 148—capital outlay on posts and telegraphs. It calls for a token provision of Rs. 1,000. The background of this Demand is like this, that in the budget estimates last year a provision of Rs. 27.04 crores was made. Then the Posts and Telegraphs found that they would need some more money. So, they came to this House in February with a supplementary Demand for Rs. 5.10 crores, which was granted. Then, they reviewed their position and found that they would still require some more money, in the amount of Rs. 2.25 crores. Now we are informed that all this additional expenditure was required because they were accelerating their works programme, and they also had received aid and imports and materials and equipment from abroad. and they could carry on their work more expeditiously. That part, of course, we all welcome. The point I want to make is this. At the end of the year it was too late for them to get this Rs. 2.25 crores from the House, and so they put it off. They made up this sum of Rs. 2.25 crores in this way. They had a saving of Rs. 45 laks from last year's grants, and now they want to take this Rs. 1.80 crores to pay the advance which they had taken from the contingency fund of India, and this they propose to make good out of the saving that they expect out of the current year's grant to the extent of Rs. 1.80 crores. I just want to bring to the attention of this House these facts that last year they had a saving of Rs. 45 lakhs and this year, before half the year is over, they are envisaging that they would have a saving of such a large sum as Rs. 1.80 crores. That certainly is not a kind of budgeting that one can consider very flattering.

**श्री रघुनाथ सिंह** : उपाध्यक्ष महोदय मैं डिमांड नम्बर 12 जो कि डिफेंस सर्विसेज, एफैक्टिव नेवी के बारे में है उस की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं ।

जहां तक हिन्दुस्तान की नौ सेना का सम्बन्ध है वह बहुत उपेक्षित रही है । आज पाकिस्तान इंडोनेशिया और चीन से जो ज्यादा सम्पर्क बढ़ाये हुए हैं उस का मुख्य कारण यह है कि इंडोनेशिया के पास 6 सब मैरींस हैं, चीन के पास 28 सब मैरींस हैं। पाकिस्तान के पास एक सबमैरीन है । हमारे पास केवल एक ही सबमैरीन है उसे भी दो तीन महीने के वास्ते यू० के० ने ट्रेनिंग के वास्ते दिया है । अगर आप फ़ाइटिंग शिप्स के आंकड़ों को देखें तो उन से प्रतीत होता है कि चीन के पास 811 यूनिट्स

हैं, इंडोनेशिया के पास 238 यूनिट्स हैं, पाकिस्तान के पास 28 यूनिट्स हैं और हिन्दुस्तान के पास कुल 45 यूनिट्स जहाज़ की हैं। ऐसी अवस्था में हमारी जो एफैक्टिव नैवी है वह इतनी मज़बूत नहीं है जितनी मज़बूत कि उसको होना चाहिये। अगर आज हमारी एफैक्टिव नेवी मजबूत होती तो हम ब्लोकेड कर सकते थे। अगर हमारी एफैक्टिव नेवी मजबूत होती तो द्वारका पर जो पाकिस्तानियों ने बमबारी की, अपने शिप्स से उस को हम रोक सकते थे। लड़ाई केवल टैंकों और लोहे से ही नहीं होती है लड़ाई आत्मिक शक्ति से होती है और हमारा उस के ऊपर पूरा भरोसा है।

अय्यूब साहब ने अपने स्टेटमेंट में यह जरूर कहा कि वह हिन्दुस्तान के साथ युद्ध पर हैं लेकिन डिक्लेरेशन ग्रौफ वार उन्होंने नहीं किया। उन का यह कहना बाइबिल के शब्दों में ठनठनाते हुए ढोल और झनझनाते हुए झांज के तुल्य है। आज जो वह सीज़ फायर की बात चल रही है। इंटर-नेशनल ला है। अगर कोई मुल्क दूसरे मुल्क के साथ युद्ध करना है तो जितने प्रीवियस कमिटमेंट्स होते हैं वे सब समाप्त हो जाते हैं और इसलिये आज तक हिन्दुस्तान के जितने प्रीवियस कमिट्मेंट्स सीज़ फ़ायर के सम्बन्ध में और जम्मू तथा कश्मीर के सम्बन्ध में थे उन सब का अन्त हो गया है। जब सब का अन्त हो गया है तो कश्मीर के सीज़ फ़ायर का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता है। यह इंटरनेशनल ला है।

दूसरी बात मैं यह कहना चहता हूं कि सीज़ फ़ायर लाइन किसी मुल्क में अर्थात् अपने देश में नहीं होती है। बल्कि सीज़ फ़ायर लाइन एक देश और दूसरे देश में होती है। जहां तक ओकुपाइड कश्मीर प्रदेश का सवाल है वह हमारा अपना स्थान है, हमारे देश का एक हिस्सा है, वह हमारी चीज है और हमारी सम्पत्ति है और अगर हम उस को लेते हैं तो उस में सीज़ फ़ायर का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है।

सीज़ फ़ायर का प्रश्न उठता है पंजाब में। जहां तक पंजाब में हमारी फौज पहुंच चुकी है, अगर कोई सीज़ फ़ायर की बात हो सकती है तो वह पंजाब के लिए हो सकती है। पंजाब का वह एरया जो कि अब हमारे हाथ में आ गया है वहां सीज़ फायर हो सकती है। लेकिन कश्मीर राज्य में सीज़ फ़ायर करने और जनमत कराने का कोई प्रश्न ही पैदा नहीं होता है।

अगर हिन्दुस्तान का कोई कमिटमेंट पहले रहा भी हो तो पाकिस्तान ने हिन्दुस्तान के साथ वार की स्थिति डिक्लेयर की है जिसके कि कारण हमारा कोई कमिटमेंट अब न तो कश्मीर के सम्बन्ध में है और न पाकिस्तान के साथ और न ही यू० एन० ओ० के साथ रह जाता है।

यू० एन० ओ० का भी एक प्रस्ताव था कि पहले पाकिस्तान ओकुपाइड कश्मीर से अपनी फोर्सेज को हटाये तब कोई दूसरा प्रश्न पैदा हो सकता है। आज 18 वर्ष हो गये, पाकिस्तान ने यू० एन० ओ० की कोई बात नहीं मानी। उस की फ़ौज वहां पड़ी हुई थी। हमारे सामने कोई दूसरा विकल्प नहीं था कि हम उस को वहां से हटाते। अगर हमारे घर में कोई घुस आता है और वह किसी तरह भी हमारे घर से बाहर नहीं जाता तो अंतिम चारा हमारे पास क्या रह जाता है? अंतिम चारा हमारे पास यही होता है कि हम ज़बरदस्त शक्ति का आश्रय ले कर अपने घर को उन से खाली कराते हैं।

तीसरी बात मुझे यह कहनी है कि यह युद्ध हमारा सैद्धान्तिक युद्ध है। पाकिस्तान सैकुलर स्टेट नहीं है। बल्कि वह

[श्री रघुनाथ सिंह]

एक थ्योक्रेटिक स्टेट है। वहां डिक्टेटरशिप है। हिन्दुस्तान एक सैकुलर और डेमोक्रेटिक स्टेट है। हमारी सैकुलर स्टेट के खिलाफ वह एक थ्योक्रेटिक स्टेट है। हमारी डेमोक्रेसी के खिलाफ़ उन की डिक्टेटरशिप है। आज हमें यह सोचना है। हम को ही नहीं बल्कि सारी दुनिया के इंसानों को सोचना है, डेमोक्रेसी के जो प्रेमी हैं उन को सोचना है I दुनिया में डेमोक्रेसी जीवित रहती है या नहीं।

मैं आप को तीन मिसाल देना चाहता हूं। डेमोक्रेसी जब जब शान्त रही है, चुप रही है तब तब दुनिया में डिक्टेटरशिप का उत्थान हुआ है। यह डेमोक्रेटिक कंट्रीज दुनिया के हैं, जिनके कि कारण इटली बढ़ा। जिनके कि कारण जर्मनी बढ़ा। जिस समय अबीसीनिया को मुसोलिनी ने लिया उस वक्त सारी डेमोक्रेटिक कंट्रीज बठे देखते रहे। नतीजा क्या हुआ? इटली संसार की एक बड़ी भारी ताकत हुई। आस्ट्रिया को जब हिटलर ने लिया तमाम डेमोक्रेटिक कंट्रीज दुनिया के बठे देखते रहे। उस का क्या परिणाम हुआ? हिटलर जैसा तानाशाह पदा हुआ। जापान ने जब चीन के मंचूरिया को लिया और पूर्वी चीन को लिया। सारे डेमोक्रेटिक कंट्रीज दुनिया के बैठे देखते रहे। उसका क्या परिणाम हुआ? जापान ने यद्ध छेड़ा। तीनों देशों का ऐक्सिस बना।

आज दुनिया को सोचना है कि अगर दुनिया के डेमोक्रेटिकट कंट्रीज पाकिस्तान की मदद करने के वास्ते तैयार हैं, उस की सहायता करते हैं तो हम को सोचना चाहिये कि वह विश्व यद्ध को आमंत्रण देते हैं। उनको सोचना चाहिये कि ऐसा करके वे डिक्टेटरशिप को प्रश्रय देते हैं जो कि दुनिया को पतन की दिशा की तरफ ले जा सकता है। इस वास्ते मैं कहता हूं कि जितने डेमोक्रेटिक कंट्रीज वर्ल्ड के हैं आज उन को हिन्दुस्तान का समर्थन करना चाहिये। नहीं तो अय्यूब साहब भी हिटलर हो सकते हैं। वह मसोलिनी हो सकते हैं। और वह भी जापान की तरह से तानाशाह हो सकते हैं।

इस लिये मैं निवेदन करना चाहता हूं कि चाहे इंडोनीशिया हो, चाहे टर्की हो और चाहे ईरान हो, इन को पाकिस्तान की मदद के लिए नहीं जाना चाहिये, क्योंकि हमारी वार आडियालोजिकल वार है, हम लोग डेमोक्रेसी के लिए युद्ध कर रहे हैं—पाकिस्तान एक थियोक्रेटिक स्टेट और डिक्टेटरशिप है, जब कि भारत एक डेमोक्रेसी है।

टर्की को यह बात याद रखनी चाहिये कि 1920 में टर्की में जब खिलाफ़त का मूवमेंट हुआ, तो हिन्दुस्तान में उस के समर्थन में दो दो लाख आदमी जेलों में गये। खिलाफ़त का सवाल कोई हिन्दुस्तान का सवाल नहीं था। उस वक्त हम को खिलाफ़ती कैदी कहा जाता था। टर्की को वह दिन याद रखना चाहिये, जब कि कमालपाशा को हिन्दुस्तान की जनता, हिन्दुस्तान की कांग्रेस पार्टी ने पूरा समर्थन दिया। आज हिन्दुस्तान की जनता यह जानना चाहती है कि 1920–21 में हम ने खिलाफ़त के लिए दो लाख आदमियों को जेलों में भेजा, टर्की का समर्थन किया, तो क्या उस का उत्तर यह है कि आज जब हम पर आफ़त आई है, तो टर्की पाकिस्तान की मदद कर के हम लोगों पर अत्याचार करने में सम्मिलित हो। अन्यथा भारत सरकार को साइप्रस का समर्थन करना चाहिये।

ईरान के साथ हमारे सम्बन्ध बहुत अच्छे रहे हैं। अभी उस देश के साथ तेल के सम्बन्ध में कुछ समझौते हुए हैं। हम

लोग सोच रहे थे कि ईरान के साथ हमारी शिपिंग कम्पनी का कुछ एग्रीमेंट हो, कोई जायंट लाइन जारी हो। आखिर ईरान का हम ने क्या बिगाड़ा है? कुछ नहीं बिगाड़ा है। जहां तक हम से हो सकता था, हमने ईरान की सहायता की है। ईरान के बादशाह पिछले दिनों हिन्दुस्तान में आये और हम ने उन का स्वागत किया।

इस लिये मैं ईरान, टर्की और इंडोनीशिया की जनता से यह अपील करना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान की जनता का उन के साथ कोई विरोध नहीं है और इस लिये वह इस प्रकार के कामों का विरोध करे। अफसोस है कि ब्रिटेन की लेबर सरकार कन्जरवेटिव से भी कन्जरवेटिव बन गई है।

आखिर में मैं यह कहना चाहता हूं कि जवानों को हमारा धन्यवाद है। अभिनंदन है। बड़े बड़े जोरों के साथ आज युद्ध में रत हैं। अभी परसों हिन्दुस्तान की सब शिपिंग कम्पनियों ने और सारे सीमन ने, चाहे वे कम्युनिस्ट पार्टी के हों और चाहे सोशलिस्ट पार्टी या आई० एन० टी० यू० सी० के हों, एक स्वर से कहा है कि हमारी पूरी ताकत, हमारे सब जहाज, हमारे सब आदमी हिन्दुस्तान की सेवा के लिए अर्पित हैं। इसलिये हम उन सब का भी अभिनंदन करते हैं।

**Shri Yallamanda Reddy** (Markapur): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I would like to invite your attention to Demand Nos. 123 and 787 regarding the method of giving loans to the State Governments by the Central Government for development activities. The policy is such that it hits the developmental activities and the big projects undertaken by the State Governments are virtually run down by the loans and grants of the Central Government. The Finance Commission has categorically stated that the interest on huge loans for the river valley projects should be granted a moratorium and interest should be commenced to be collected only after the project had been completed. But the Government virtually begins to collect interest on the loans advanced for such projects soon afterwards and the State Governments are unable to fulfil their projects and development work in time.

In Andhra Pradesh they have undertaken a multi-purpose river valley project, Nagarjunasagar dam. The project was started in 1955-56 at a then estimated cost of Rs. 92 crores; because of increase in prices its cost has increased to Rs. 120 crores in the first phase; including the second phase it will come to Rs. 180 crores. Because of this increase the State Government find it difficult to finance it. In the Second and Third Plans they have spent about Rs. 100 crores on new installations and in the Fourth Plan they need about Rs. 50 crores. For payment of interest alone during the Fourth Plan period, they need about Rs. 40 crores. That means that they need forty crores plus Rs. 50 crores. The Andhra Pradesh Government have been requesting for a long time that the Centre take over this project as a national project and finance it from the Central funds. I do not know why the Centre refuses this genuine demand by the State Government. Pending a decision on financing that project as a national project, they were requesting sanction for an additional amount of Rs. 13 crores in the Third Plan period.

**Mr. Deputy-Speaker**: What is the demand on which you are speaking?

**Shri Yallamanda Reddy**: Demand No. 123, loans and advances to State Governments.

**Mr. Deputy-Speaker**: You are speaking on Excess demands; we are now on supplementary demands. We will take it up later on. Shri Limaye.

**श्री मधु लिमये** (मुंगेर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं मांग संख्या 12 के बारे में कुछ कहना चाहता हूं ।

पिछले बजट में हम लोगों ने नाविक सेना के लिए केवल 25 करोड़ रुपये का इन्तजाम किया था । आज-कल जो घटनायें घट रही हैं और खास कर के पाकिस्तान को अमरीका के द्वारा जो पनडुब्बी प्राप्त हुई है, उस ने हमारे ओखा और द्वारिका के इलाके में जो बमबारी की है, उस से पता चलता है कि हमारी सुरक्षा योजना में नाविक सेना का कितना बड़ा महत्वपूर्ण स्थान है । इस लिए नाविक सेना को मजबूत बनाने के सम्बन्ध में जितने भी सुझाव सुरक्षा मंत्रालय की ओर से आयेंगे, उन का तो हमें जरूर स्वागत करना चाहिये ।

लेकिन सुरक्षा का मतलब केवल बजट में पैसे का इन्तजाम करने तक ही सीमित नहीं रह जाना चाहिए। जहां तक पैसे का सवाल है, इधर तीन, साढ़े तीन साल से सुरक्षा पर हमारा खर्चा निरन्तर बढ़ता जा रहा है । 1957 से 1962 तक, दूसरी लोक सभा की अवधि में, सुरक्षा व्यवस्था पर जितना खर्च हुआ है, उस से ढाई या तीन गुना खर्चा 1962 से 1967 तक होने वाला है । इस के बारे में किसी का भी विरोध नहीं है, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि केवल सेना, नाविक सेना या हवाई सेना के द्वारा ही हमारे देश की हिफ़ाजत होगी, इस तरह हमें नहीं सोचना चाहिये । जब फौजी कार्यवाही, फौज का इन्तजाम और हमारी विदेश-नीति और हमारी राजनीतिक नीति साथ साथ चलेंगे, तभी जा कर सुरक्षा का मसला हल हो सकता है । सरकार की ओर से सुरक्षा के मामले में, खास कर के उत्पादन के मामले में, देश को आत्म-निर्भर बनाने के लिए जो प्रयास किये गये, वे तो स्वागताई हैं, लेकिन आज की घटनाओं से यह बिल्कुल साफ हो गया है कि इस मामले में हमें और ज्यादा तरक्की करनी चाहिये और जल्द से जल्द करनी चाहिये । क्या स्थल सेना, क्या नाविक बेड़ा, क्या हवाई दल तीनों के मामले में हमें जल्द से जल्द आत्म - निर्भर होना चाहिये । इसके साथ साथ हमारी विदेश नीति का और राजनीति का भी सवाल आ जाता है । आज काश्मीर में और पंजाब में बहादुरी के साथ हमारे जवान, हमारा फौजी दल लड़ रहा है । लेकिन अगर हम ऐसा सोचेंगे जैसे पुराने जमाने में सोचा जाता था कि रक्षा का भार केवल एक वर्ण का है तो करीब एक नया चतुर्वर्ण हम लोग आज देश में कायम कर देंगे कि लड़ने का काम, देश के बचाव करने का काम हमारे जवानों और हमारी सेना का है और इसके बारे में सरकार का, जनता का और इस लोक सभा का कोई फर्ज नहीं है । आज जो लड़ाई चल रही है पंजाब और काश्मीर में उसके बारे में मुझे यह कहना पड़ रहा है कि जब कि हमारे जवान, हमारी सेना, हमारा हवाई दल बहादुरी के साथ लड़ रहा है, वहां उनको मदद पहुंचाने के लिए जो प्रयास हमें करना चाहिये था वह आज नहीं हो रहा है ।

पाकिस्तान का मामला, उपाध्यक्ष महोदय, आप ले लें । जिस तरह का दो सामान्य देशों के बीच में झगड़ा होता है, उस किस्म का यह झगड़ा नहीं है । 1947 में जब हम ने आजादी हासिल की उस वक्त हम लोगों ने देश के बटवारे को मान लिया । हमारे देश के जो नेता थे उनको ऐसा लगा कि अगर बटवारा मान लेंगे तो हिन्दू मुस्लिम का जो सवाल है, वह हल हो जायेगा और इन दो नये राज्यों के बीच में शान्ति का रिश्ता कायम हो जायेगा । लेकिन जिस आधार पर यह बटवारा कबूल किया गया, अठारह साल की घटनाओं ने साबित कर दिया है कि वह आधार बिल्कुल टूट गया है, हिन्दू मुस्लिम सवाल भी हल नहीं हो पाया है । पाकिस्तान और हिन्दुस्तान के बीच में, सरकार की कोशिशों

के बावजूद दोस्ताना रिश्ता कायम नहीं हुआ है । एक एक मसले को हल करने का प्रयास किया गया है लेकिन उससे भी मामला सुलझने के बजाय बिगड़ता चला गया है और बिगड़ता चला जा रहा है । आज इन दो देशों के बीच में औपचारिक तौर पर एलान किया जाये या न किया जाये लेकिन वास्तविक स्थिति यह है कि उन में आज लड़ाई चल रही है । ऐसी स्थिति में जवानों की और सेना की मदद करने के लिए सरकार के द्वारा कोई नीति का एलान होना चाहिये था और इस लोक सभा को भी इस पर बहस करने का मौका मिलना चाहिये था । लेकिन आज जनता और हमारे मतदाता हम से पूछ रहे हैं कि लोक सभा क्या कर रही है । वहां पर नीति के बारे में बहस क्यों नहीं होती है । आखिरकार सुरक्षा का सवाल केवल पैसे का सवाल नहीं है, केवल जवानों का सवाल नहीं है, केवल हवाई दल का सवाल नहीं है, साथ साथ नीति का भी सवाल है । अभी हमारे रघुनाथ सिंह जी ने कहा कि यह वैचारिक संघर्ष है । मैं भी मानता हूं कि यह जो लड़ाई हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के बीच हो रही है यह वैचारिक लड़ाई है । मैं तो आगे जा कर कहूंगा कि यह न केवल स्वतंत्रता की और जमहूरियत की लड़ाई है बल्कि हमारे मुल्क में जो राष्ट्रीय एकता टूटी थी उसको कायम करने के लिए यह लड़ाई है । इस तरह की बात हमारे रघुनाथ सिंह जी कहेंगे या मैं कहूंगा तो पाकिस्तान की जनता पर क्या असर होने वाला है । यह वाक्य, यह जुमला तो प्रधान मंत्री जी को कहना चाहिये था, शास्त्री जी को कहना चाहिये था । लेकिन सरकार की ओर से बार बार कहा जाता है कि हमारा उद्देश्य सीमित है । शुक्रवार को प्रतिरक्षा मंत्री ने यह कहा था और राष्ट्रपति जी का जो भाषण आकाशवाणी से प्रसारित हुआ था उस में भी उन्होंने यह कहा था कि हमारा जो उद्देश्य है वह सीमित है । सीमित उद्देश्य की अगर हम चर्चा करेंगे तो मेरा यह कहना है कि पंजाब में हमारे जो जवान लड़ रहे हैं या काश्मीर में हमारे जो जवान लड़ रहे हैं उनके रास्ते में रोड़े अटकाने का काम हम करेंगे और उनके ऊपर जो हम ने बोझा डाला है, वह अधिक भारी हो जायेगा । मेरा यह कहना है कि पाकिस्तान के मसले को हमेशा के लिए मिटाने का आज समय आ गया है । अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति इससे ज्यादा अच्छी नहीं हो सकती है । इसका कारण यह है कि अमरीका की जो पाकिस्तान सम्बन्धी नीति थी वह नीति बिल्कुल असफल साबित हुई है और अमरीकी लोग स्वयं यह महसूस कर रहे हैं । दूसरा जो बड़ा राष्ट्र है, यानी सोवियत रूस उसका हमारे प्रति हमदर्दी का रुख रहा है । मिग विमानों की पैदावार के बारे में या पनडुब्बियों की सप्लाई के बारे में या दूसरी चीजों के उत्पादन के बारे में रूस हमारी सहायता करने के लिए तैयार है । इस वास्ते मैं पूछना चाहता हूं कि क्या वजह है कि सरकार की ओर से नीति के बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं हो रहा है ।

आज हमारे मित्र खान अब्दुल गफ्फार खां जिन्होंने बरसों तक पाकिस्तान में जेलों की "हवा खाई" है, बार बार बयान दे रहे हैं कि हिन्दुस्तान ने हमारे साथ जो वचन भंग किया था, उसको सुधारने का मौका आ गया है । पख्तूनिस्तान के अन्दर विद्रोह की जो शक्तियां हैं, क्रान्तिकारी शक्तियां हैं, स्वतंत्रता की शक्तियां हैं, उनको हम क्यों मदद नहीं कर रहे है । अगर पख्तूनिस्तान के अन्दर एक नया मोर्चा पख्तूनों के द्वारा खड़ा किया जायेगा, स्वतंत्रता और जमहूरियत का, तो क्या उससे हमारे जवानों को, जो आज पंजाब और काश्मीर में लड़ रहे हैं, सहायता नहीं मिलेगी ? उसी प्रकार पूर्वी बंगाल के अन्दर जमहूरियत की शक्तियां हैं । उनको पाकिस्तान से अलग करके, उनको स्वतंत्रता प्रदान कराने हेतु सहायता देने का, मदद करने का हम प्रयास क्यों नहीं कर रहे है? मेरा सरकार के ऊपर

[श्री मधु लिमये]

